देहरादून (उत्तराखण्ड)
रविवार 26.04.2026
समय 07.20

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह 11 बजे आकाशवाणी पर 'मन की बात' कार्यक्रम के माध्यम से देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा।
- पर्यटन और धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखने की अपील की।
- प्रदेश में चारधाम यात्रा सुचारू रूप से जारी। एक लाख 24 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए।
- प्रदेश में जनगणना–2027 के प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन' का औपचारिक शुभारंभ हुआ।

मन की बात

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सवेरे 11 बजे आकाशवाणी के 'मन की बात' कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 133वीं कडी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के समूचे नेटवर्क पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण एआईआर न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी होगा। आकाशवाणी के द्वारा क्षेत्रीय भाषाओं में भी इसका प्रसारण किया जाएगा।

मधुमक्खी पालन

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों में मधुमक्खी पालन को और अधिक प्रोत्साहित किया जाएगा तथा इसे ग्रामीण अर्थव्यवस्था से जोड़ने के लिए तेजी से कार्य किया जाएगा। मधुमक्खी पालन को स्वरोजगार का एक सशक्त माध्यम बताते हुए उन्होंने कहा कि इससे स्थानीय स्तर पर आय में वृद्धि के साथ–साथ पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा।

श्री धामी ने कल देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास परिसर में शहद निष्कर्षण की प्रक्रिया का अवलोकन करते हुए यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि वन क्षेत्रों में बी–बॉक्स की स्थापना के लिए एक प्रभावी नीति तैयार की जाए, जिससे स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिल सकें।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री आवास परिसर में इस वर्ष मात्र 45 दिनों में 520 किलोग्राम शहद का उत्पादन किया गया है।

धर्मस्व मंत्री

पर्यटन और धर्मस्व मंत्री सतपाल महाराज ने चारधाम यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं के पंजीकरण की व्यवस्थाओं का जायजा लेने के लिए ऋषिकेश स्थित ट्रांजिट कैंप का निरीक्षण किया।

इस अवसर पर मीडिया से बातचीत में श्री महाराज ने कहा कि गर्मी बढ़ने के साथ यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि होगी, इसलिए सभी व्यवस्थाओं को लेकर अभी से पूरी तैयारी आवश्यक है। उन्होंने बताया कि ट्रांजिट कैंप में श्रद्धालुओं के खानपान, विश्राम और स्वच्छता का समुचित ध्यान रखा जा रहा है।

श्री महाराज ने चारधाम यात्रा पर आने वाले श्रद्धालुओं से अपील की कि यात्रा के दौरान स्वच्छता बनाए रखें और कहीं भी प्लास्टिक, कचरा या अनावश्यक शोर–शराबा न करें। उन्होंने कहा कि धामों को स्वच्छ रखना ही सबसे बड़ी सेवा और पूजा है।

चारधाम यात्रा

प्रदेश में चारधाम यात्रा पूरे श्रद्धा और उत्साह के साथ जारी है। यात्रा के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु चारों धामों की ओर पहुंच रहे हैं। अब तक दो लाख से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ, बदरीनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के दर्शन कर चुके हैं।

रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने बताया कि अब तक एक लाख चौबीस हजार से अधिक श्रद्धालु केदारनाथ धाम की यात्रा कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि यात्रा को सुगम और बेहतर बनाने के लिए जिला प्रशासन पूरी सक्रियता के साथ कार्य कर रहा है।

गुरुग्राम से आए एक श्रद्धालु ने बताया कि उन्हें बाबा केदार के दर्शन सुगमता से हुए। उन्होंने यात्रा मार्ग और धाम परिसर में स्वच्छता, शौचालय सहित अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं के लिए शासन—प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

इस बीच, यात्रा के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण का सिलसिला लगातार जारी है। कल शाम तक 23 लाख 17 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने चारधाम सहित हेमकुंड साहिब यात्रा के लिए पंजीकरण कराया है। जिसमें सर्वाधिक, आठ लाख से अधिक पंजीकरण केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए किए गए हैं।

टिहरी जिला योजना समीक्षा बैठक

टिहरी जिले के प्रभारी मंत्री गणेश जोशी ने विकास योजनाओं को आगामी 30 वर्षों की जरूरतों के अनुरूप तैयार करने के निर्देश दिए हैं। नई टिहरी में आयोजित जिला योजना समिति की बैठक में उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों की समीक्षा की। श्री जोशी ने कहा कि योजनाओं को अधिक प्रभावी और दूरदर्शी बनाने के लिए जनप्रतिनिधियों और विधायकों की सक्रिय सहभागिता आवश्यक है।

पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने पर्यटकों से आह्वान किया कि वे टिहरी की विशेषताओं का प्रचार—प्रसार करें, ताकि अधिक से अधिक लोग टिहरी के साहसिक पर्यटन का आनंद ले सकें।

बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए "माई ब्लॉक माई शॉप" योजना संचालित की जा रही है। इसके अलावा "माई ब्लॉक माई लाइब्रेरी", जिला अस्पताल में फीडिंग रूम की सुविधा और छात्रों के लिए 'फिजिक्स वाला' के माध्यम से निःशुल्क कोचिंग जैसी पहलें भी संचालित की जा रही हैं।

जनगणना 2027

राज्य में कल से भारत की जनगणना 2027 के प्रथम चरण 'हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन' का औपचारिक शुभारंभ हो गया है। इस महत्वपूर्ण कार्य के अंतर्गत राज्यभर में प्रगणक और पर्यवेक्षक पूर्ण निष्ठा, उद्देश्यपूर्ण भाव तथा उत्साह के साथ घर—घर जाकर आंकड़े संकलित करने में जुट गए हैं।

इस चरण के अंतर्गत प्रत्येक भवन और मकान का सूचीकरण करते हुए उनमें निवास कर रहे परिवारों से संबंधित विस्तृत जानकारी एकत्र की जाएगी। यह डेटा राज्य के समग्र विकास के लिए योजनाओं के निर्माण और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए आधार प्रदान करेगा।

जनगणना 2027 के अंतर्गत हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन से संबंधित जानकारी, मार्गदर्शन और सहायता के लिए उत्तराखण्ड राज्य में टोल–फ्री हेल्पलाइन संख्या 1 8 5 5 संचालित की जा रही है। यह हेल्पलाइन आम नागरिकों की शंकाओं के समाधान एवं आवश्यक जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है।

सरकार ने प्रदेशवासियों से अपील की है कि वे प्रगणकों को सहयोग प्रदान करें तथा सही जानकारी देकर इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

आईआईटी रुड़की

रुड़की स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान– आईआईटी ने "विजन 2047–समृद्ध एवं महान भारत 2.0" विषय पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन किया। इस सम्मेलन में प्रख्यात शिक्षाविदों, नीति–निर्माताओं और उद्योग जगत के नेताओं ने भारत के विकासात्मक रोडमैप पर विचार–विमर्श किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्थान के निदेशक प्रोफेसर के. के. पंत ने वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर और समृद्ध भारत के निर्माण में शिक्षा, शासन और उद्योग के बीच समन्वित प्रयासों के महत्व पर बल दिया। उन्होंने उद्योग के सहयोग से गुणवत्तापूर्ण, उत्पाद–आधारित अनुसंधान को बढ़ावा देने और उद्यमिता व नवाचार को प्रोत्साहित करने की आवश्यकता भी रेखांकित की।

सम्मेलन में देश–विदेश के 100 से अधिक संस्थानों की भागीदारी रही।